(b) whether wrist-watches, purses and other belongings of the above personnel were taken away; and

(c) if so, their number?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) The personal boxes, beddings and belongings of the personnel of the Delhi Police were not searched at any stage;

(b) and (c). Do not arise.

पश्चिमी बंगाल के सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तानियों द्वारा किये गए अपराध

3206. **श्री लखन लाल कपूर** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जनवरी 1967 से अब तक पश्चिमी बंगाल के चोपरा, इस्लामपुर, गोलपोखर, चकलिया तथा करनाडी गढ़ी थानों में पूर्वी पाकिस्तान के सशस्त्र लुटेरों, हत्यारों तथा डाकुओं द्वारा पशुओं की चोरी, डकैतियों, लूटमार तथा हत्या करने के कितने मामले हुए ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चौव्हाण) : एक विवरण सदन के सभा-पटल पर रख दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या** LT-1891/67]।

शहीद हरि कृष्ण

3207. **श्री शशिभूषण बाजपेयी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शहीद हरिकृष्ण, स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी, जिन्हें 1930 में पंजाब के गवर्नर पर गोली चलाने के अपराध में मृत्यु दण्ड दिया गया था, पर चलाये गये अभियोग का पूरा रिकार्ड और अदालत का निर्णय भारत में उपलब्ध है; और

(ख) यदि हां, तो वह कहां पर है और क्या राष्ट्रीय अभिलेखागार में अनुसंधान करने वालों के अध्ययन के लिये ये उपलब्ध हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

शहीद हरिकृष्ण के परिवार के सदस्यों को सहायता

3208. **श्री शशिभूषण बाजपेयी** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शहीद हरिकृष्ण जिन्हें 1930 में लाहौर में पंजाब के राज्यपाल पर गोली चलाने के आरोप में मृत्यु दण्ड दिया गया था, के परिवार के लोगों ने सरकार से सहायता मांगी थी; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). अगर माननीय सदस्य सम्बन्धित परिवार के सदस्यों के नाम तथा अन्य जानकारी दे सकें तो सरकार यह बता सकेगी कि क्या उन्हें कोई आर्थिक सहायता दी गई है।

शहीद मदन लाल ढींगड़ा

3209. **श्री शशिभूषण बाजपेयी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी श्री मदनलाल ढींगड़ा जिन्हें 1908-1909 में लन्दन में सर कर्जन विले की हत्या के लिये मृत्यु दण्ड दिया गया था, पर चलाये गये अभियोग सम्बन्धी दस्तावेज, अदालती कार्यवाही और निर्णय की प्रति भारत सरकार के पास हैं; और

(ख) यदि हां, तो वे किस कार्यालय में उपलब्ध हैं ?